न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कोटडी जिला भीलवाडा

पीठासीन अधिकारीः– श्री भागीरथ साख आर. ए. एस

प्रकरण संख्याः– 03/2017 प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 111,128 एल.आर.एक्ट 1956

श्री रामेश्वरदास पिता नारायणदास बैरागी जाति बैरागी निवासी सोपुरा (सवाईपुर) तहसील कोटडी जिला भीलवाडा

....प्रार्थी

बनाम

1. श्री भैरूलाल पिता रामचन्द्र जाट निवासी सोपुरा (सवाईपुर) तहसील कोटड़ी जिला भीलवाड़ा
2. श्री कल्याण पिता काशी जाट निवासी सोपुरा (सवाईपुर) तहसील कोटड़ी जिला भीलवाड़ा
3. श्री गणेश पिता बालु जाट निवासी सोपुरा (सवाईपुर) तहसील कोटड़ी जिला भीलवाड़ा
4. श्री कालु पिता सुन्दर जाट निवासी सोपुरा (सवाईपुर) तहसील कोटड़ी जिला भीलवाड़ा
5. श्री बद्री पिता हजारी जाट निवासी सोपुरा (सवाईपुर) तहसील कोटड़ी जिला भीलवाड़ा
6. श्री नारायण पिता देवा जाट निवासी सोपुरा (सवाईपुर) तहसील कोटड़ी जिला
7. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार कोटड़ी जिला भीलवाड़ा ...विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128, राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956

–::आदेश::– दिनांकः –11/02/2017

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस न्यायालय में दिनांक 09.01.2017 को प्रस्तुत कर निवेदन किया कि वाके ग्राम आकोला पटवार हल्का आकोला तहसील कोटडी की जमाबंदी संवत् 2070 से 2073 के खाता संख्या 224 की आराजी संख्या 187 रकबा 12 बिस्वा, आराजी संख्या 188 रकबा 07 बीघा 04 बिस्वा स्थित हैं। वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण के मध्य आराजी मुतदायिवा के सीमाचिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता है जिसमें प्रार्थी अपने खातें/संयुक्त खातें की कृषि भूमि की पत्थरगढ़ी के आदेश प्रदान करायें जावें ।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दर्ज रजिस्टर किया जाकर विपक्षीगणें को सम्मन जारी कियें गयें। सम्मन बाद तामील पत्रावली पर लियें गयें । विपक्षीगण बावजूद सुचना के अनुपस्थित एवं किसी प्रकार का प्रतिरोध दर्ज नही करायें जाने से प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार कियें जाने के आदेश प्रदत्त कियें जातें हैं एवं संबधित भू. अ. निरीक्षक आकोला को कमिश्नर नियुक्त किया जाकर उभयपक्ष को सूचित करने के उपरांत पालना रिपोर्ट मार्फत तहसीलदार कोटड़ी के तलब की जावें ।

–::आदेश::–

प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थनापत्र स्वीकार किया जाकर आदेश दिये जाते है कि तहसील कोटड़ी के वाके ग्राम आकोला पटवार हल्का आकोला तहसील कोटडी की जमाबंदी संवत् 2070 से 2073 के खाता संख्या 224 की आराजी संख्या 187 रकबा 12 बिस्वा, आराजी संख्या 188 रकबा 07 बीघा 04 बिस्वा पर पत्थरगढ़ी उभयपक्षों को सूचित किया जाकर बाद तिथी निर्धारण के पत्थरगढ़ी की जावें । प्रार्थी इस कार्य के लियें कमिश्नर फीस तहसीलदार कोटड़ी के निर्देशानुसार राशि 500/–रूपयें वक्त पत्थरगढ़ी कमिश्नर भूअ. निरिक्षक को जमा करायेगा । खर्चा राशि जमा होने पर भूअ. निरीक्षक द्वारा पत्थरगढ़ी की जाकर पालना करें ।

11/2/17
सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
कोटड़ी जिला–भीलवाड़ा

प्रतिलिपि :–तहसीलदार कोटडी को भेजकर लेख है कि आवेदक की पत्थरगढ़ी कराकर सात योम में पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करें ।

11/2/17
सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
कोटड़ी जिला–भीलवाड़ा